

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### डेंगू–मलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारम्भ

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रातः 8:30 बजे से प्रातः 9:30 बजे तक जनपद अवस्थित रायपुर चौक से नगर निगम, राजस्व विभाग के अधिकारियों तथा अन्य अधीनस्थ अधिकारियों और कार्मिकों के साथ तथा विधायक विकासनगर मुन्ना सिंह चौहान,विधायक दून कैन्ट हरबंस कपूर व माननीय विधायक रायपुर उमेश शर्मा काऊ द्वारा भी अपने–अपने क्षेत्रों में डेंगू–मलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारम्भ किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सम्बन्धित दुकानों के स्वामी को फटकार लगाते हुए कहा कि यदि उनकी दुकान के सामने किसी भी प्रकार से कूड़े अथवा पॉलिथीन के चलते नालियां अवरूद्ध पाई गयी तो सम्बन्धित का चालान किया जायेगा।

### चीनी उत्पादों के बहिष्कार का राष्ट्रीय अभियान

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव घई कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से चीनी उत्पादों के बहिष्कार का निर्णय लेते हुए भारतीय सामान हमारा अभियान की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर राजीव घई ने उत्तराखंड मे सभी इकाईयों को कहा कि चीनी अखबार ने हिंदुस्तान के स्वाभिमान को ललकारा है, जिससे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और चीनी अखबार को इस का मुह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

### दून में एयरटेल ग्राहकों को घर बैठे उपलब्ध कराएगा सिम कार्ड

**संवाददाता** देहरादून। देश की सबसे बड़े दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, एयरटेल ने देहरादून के अपने ग्राहकों को उनके डोर स्टेप पर अपनी विभिन्न सेवाओं की सुविधा दे रहा है। ये पहल वायरस को फैलने से रोकने तथा लोगों को घर पर सुरक्षित रहने के लिए प्रोत्साहित करने में मददगार रहेगा। एयरटेल एक सुरक्षित वितरण प्रणाली के अंतर्गत ग्राहकों के घर पर सिम कार्ड उपलब्ध करवाएगा। साथ ही बिना किसी बाधा के इस अनिश्चितता के समय के दौरान सभी से जुड़ने के लिए ब्रॉडबैंड और डीटीएच भी उपलब्ध करायेगा।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने विशेष सेवा पेशकश की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने दो नई सेवा पेशकशों की घोषणा की है। बदलती आवश्यकताओं और ग्राहक अपेक्षाओं के आधार पर ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव मुहैया कराने की कोशिश में लचीले ईएमआई विकल्प और टोयोटा आधिकारिक व्हाट्सऐप्प की घोषणा की है। इसका मकसद ग्राहकों को सुविधा और सहूलियत सुनिश्चित करना है।

# राज्य को लगभग 200 करोड़ की धनराशि की आवश्यकता

**मांग**

सीमित संख्या में केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए दी अनुमतिः सीएम | केदारनाथ में आध्यात्म की दृष्टि से तीन गुफाएं बनाई जा रही हैः सीएस | केदारनाथ में ओपन म्यूजियम बनाने की योजना

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि केदारनाथ में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए राज्य को लगभग 200 करोड़ की धनराशि की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों के लिए सीमित संख्या में भगवान केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए अनुमति दी गई है। मास्क का उपयोग, सामाजिक दूरी का पालन करते हुए एक दिन में अधिकतम 800 लोग दर्शन कर सकते हैं।

**2020 अंत तक पूरे हो जाएंगे आधे से ज्यादा कामः** बैठक में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने केदारनाथ में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदिगुरु शंकराचार्य की समाधि के पुनर्निर्माण का कार्य 31 दिसंबर तक 2020 तक पूरा हो जाएगा। सरस्वती घाट का कार्य पूर्णता की ओर है, यह कार्य 30 जून जक पूर्ण हो जायेगा। भैरव मंदिर के रास्ते पर पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, यह कार्य निर्धारित समयावधि से पहले ही पूरा किया गया है।



तीर्थ पुरोहितों को रहने के लिए 05 ब्लॉकों में घर बनाऐ जा रहे हैं, जिसमें से दो ब्लॉकों में बनाए जा चुके हैं, शेष ब्लॉकों में सितंबर तक कार्य पूरा हो जाएगा।

केदारनाथ में आध्यात्म की दृष्टि से तीन गुफाएं बनाई जा रही हैं, जिनका निर्माण कार्य इस साल सितंबर तक पूरा हो जाएगा। मंदाकिनी नदी पर बन रहे पुल का कार्य अगले साल 31 मार्च पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केदारनाथ में ओपन म्यूजियम बनाने की योजना भी बनाई जा रही है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ओम प्रकाश, सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर भी उपस्थित थे।

### डीएम ने अधिष्ठानों को ई–आफिस के माध्यम से संचालित करने को ली बैठक

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभी अधिष्ठानों को ई–आफिस के माध्यम से संचालित करने को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला कार्यालय के सभी अधिष्ठानों में कार्यरत कार्मिकों को ई–आफिस सम्बन्धी प्रशिक्षण प्राथमिकता के आधार पर दिया जाय। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट को ई–आफिस के माध्यम से संचालित करने हेतु आगामी 15 जून से 30 जून तक इसका ट्रायल किया जायेगा। साथ ही तहसील सदर में भी ई–आफिस चलाये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ हो।

उन्होंने बताया कि ई–आफिस के माध्यम से विभिन्न शासकीय फाईलों फील्ड मैनेजमैंट, मानव संसाधन, पब्लिक ग्रीवांस सिस्टम, अवकाश, चरित्र प्रविष्टियों आदि की कार्यवाही तेजी से चल सकेंगी तथा पत्रावली की प्रगति किस स्तर पर और किन कारणों से लम्बित है की भी जानकारी प्राप्त हो सकेगी, जिससे सम्बन्धित को तत्काल कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया जा सकेगा। ई आफिस का पूर्णरूप से क्रियान्वयन 1 जुलाई से शुरू किया जायेगा। ई–ऑफिस के माध्यम से कार्य करने हेतु विभिन्न अधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षर यथासमय लेकर गतिविधियों को सम्पन्न कराया जाय।

# उत्तराखंड में तेजी से बढ़ रहा कोरोना ग्राफ

**चिंता**

■ 1560 पहुंचा आंकड़ा दून में सर्वाधिक 402 मामले

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों ने सरकार के साथ ही आम लोगों की भी मुश्किलें बढ़ा दी है। बुधवार को दो बजे तक 23 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद अब प्रदेश में संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 1560 हो गया हैं। इनमें 808 लोग पूरी तरह से स्वस्थ हो गए हैं, जबकि 15 लोगों की मौत हो गई है। वर्तमान में राज्य में 730 केस एक्टिव केस हैं। उत्तराखंड में प्रवासियों के आने के बाद से कोरोना वायरस का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। हर दिन नए मामले सामने आ रहे हैं। राहत की बात ये है कि स्वस्थ होने वाले संक्रमितों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को प्रदेश में 23 मामले सामने आए हैं। इनमें छह देहरादून, तीन हरिद्वार, छह नैनीताल, एक पौड़ी गढ़वाल, दो टिहरी गढ़वाल, चार ऊधमसिंहनगर और एक उत्तरकाशी में सामने आए हैं। वहीं, 53 कोरोना संक्रमित स्वस्थ भी हुए हैं।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को 859 सैंपल कोरोना जांच के लिए भेजे गए हैं। इसके साथ ही आज 1741 सैंपल की जांच रिपोर्ट नेगेटिव मिली है, जबकि 23 की रिपोर्ट पॉजिटिव है। प्रदेशभर में अबतक 33369 सैंपल की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव और 1560 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई हैं, जबकि 4953 की रिपोर्ट का इंतजार है।

**कंटेनमेंट जोन की संख्या हुई 61** उत्तराखंड में जैसे–जैसे कोरोना वायरस संक्रमण बढ़ रहा है। वैसे ही कंटेनमेंट जोन की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। अब तक 61 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं, जिनमें देहरादून 25, हरिद्वार 25, टिहरी 8, पौड़ी गढ़वाल दो और ऊधमसिंहनगर में शामिल है। इन क्षेत्रों पर एहतियात के लिए सुरक्षा के कई कदम उठाए गए हैं।

**देहरादून में सबसे अधिक मामले**

देहरादून में कोरोना संक्रमण के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। यहां अबतक 402 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई हैं। इनमें से 161 मरीज स्वस्थ हुए हैं, जबकि 11 लोगों की मौत हो गई। वर्तमान में यहां 225 एक्टिव केस हैं। ये कोरोना पाजिटिव तो हैं, लेकिन संक्रमण की जद में कैसे आए, यह नहीं पता चल पाया है। इन मरीजों की न कोई ट्रेवल हिस्ट्री रही है और न इन्फेक्शन के सोर्स का पता है। ऐसे में सवाल यह कि कहीं जनपद कम्युनिटी कम्यूनिटी स्टेज की तरफ तो नहीं बढ़ रहा है।

### एम्स में कोरोना संक्रमित शख्स की मौत

**संवाददाता** ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश में भर्ती कोरोना संक्रमित 48 वर्षीय एक मरीज की बुधवार की अलसुबह मौत हो गई। बीते सोमवार को इस मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। बिजनौर नजीबाबाद दाऊद पुर निवासी इस मरीज को हार्ट और निमोनिया की शिकायत के कारण उसे गंभीर हालत में वेंटीलेटर पर रखा गया था। एम्स के जनसंपर्क अधिकारी हरीश मोहन थपलियाल ने बताया कि दाउदपुर नन्हेड़ा बिजनौर(यूपी) के एक शख्स को उसका बेटा बीते रविवार को ओपीडी में लेकर आया था। इस व्यक्ति को हार्ट और निमोनिया की शिकायत थी, उसकी हालत काफी गंभीर थी।

ओपीडी में मरीज का सैंपल लिया गया और उसे वेंटिलेटर लाइफ सपोर्ट दिया गया। बीते सोमवार को इस मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, जिसके बाद उसे कोविड–19 वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया था। पास ही के कब्रिस्तान में शव को दफनाया जाएगा, जिसके लिए प्रशासन को सूचित कर दिया गया है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।